# NEWSLETTER

National Institute of Unani Medicine

Halfyearly Bulletin of National Institute of Unani Medicine, Bengaluru

Vol 28, Issue 14-15 | Apr-Sep. 2025


## NIUM Bengaluru Concludes 7thPoshan Abhiyan with a Comprehensive Unani-Centered Nutrition Initiative

The National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, successfully concluded the 7thPoshan Abhiyan Campaign held from April 8 to April 22, 2025. Organized under the leadership and guidance of Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM, and coordinated by Nodal Officer Dr. Mohammad Asjad Khan, the campaign saw active participation from the Departments of Amraze Niswan wa Qabalat and Tahaffuzi wa Samaji Tib (TST), along with enthusiastic involvement of postgraduate students.

The campaign unfolded in four structured phases. Phase I focused on OPD-based awareness for pregnant women and new mothers, highlighting Unani dietetics and early-life nutrition. Phase II introduced patients and staff to the Poshan Tracker, integrating digital nutrition monitoring with traditional healthcare. Phase III expanded outreach into nearby communities, where PG students conducted nutritional screening and promoted CMAM strategies enriched with Unani principles. Phase IV centered on healthy lifestyle promotion for children and families, encouraging balanced diets and physical activity to prevent lifestyle disorders.

The initiative showcased NIUM's commitment to holistic health promotion, community engagement, and integrative public health. By blending classical Unani wisdom with modern digital tools and community-based interventions—and under the continued guidance of Prof. Saiyad Shah Alam—NIUM Bengaluru reinforced its role as a key contributor to national nutrition and wellness efforts.






## Editor-in-Chief

**Prof. Saiyad Shah Alam**
Director

## Editor:

**Prof. Abdul Nasir Ansari**

## Associate Editors:

**Dr. Mohd Nayab**

**Dr. Malik Itrat**

## Editorial Board:

**Dr. Muzafar Din Ahmad Bhat**

**Dr. Mohd Asjad Khan**

**Dr. Tasfiya Hakeem Ansari**

**Dr. Iram Naaz**

**Shri. Tariq Hafeez**

## Circulation Manager:

**Shri Ehtesham Ahmad**



**Published by:**

**National Institute of Unani Medicine**
( An Autonomous organization under the Ministry of AYUSH, Govt. of India)

**Editorial Office:**

**National Institute of Unani Medicine,**
Kottigepalya, Magadi Main Road,
Bangalore – 560091
Website: www.nium.in
Phone: 080-23584260




Dr. Mohammad Asjad Khan interacting with OPD patients on Poshan awareness and nutritional health

## 11thInternational Day of Yoga Celebrated with Great Enthusiasm at NIUM Bengaluru and NIUM Ghaziabad

The 11th International Day of Yoga was celebrated with remarkable enthusiasm at the National Institute of Unani Medicine Bengaluru as well as NIUM Ghaziabad, under the guidance and supervision of Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM.

This year's celebration aligned with the 2025 International Yoga Day theme: "Yoga for One Earth and One Health," highlighting the vital role of Yoga in promoting global harmony, environmental consciousness, and holistic well-being.




Yoga Asana demonstration by the Yoga Master, replicated by the participants during the IDY session



A view of the Yoga Master demonstrating Asanas




Prof. Saiyad Shah Alam honours the Guest Speaker with a memento during the IDY 2025 celebration

## NIUM Ghaziabad Observes World Hepatitis Day 2025 with Awareness Lecture

NIUM, Ghaziabad, observed World Hepatitis Day 2025 on 28th July by organizing a patient awareness lecture at OPD Block. The session aimed to educate patients and the community about hepatitis, its causes, prevention, and treatment options.

Doctors explained that the hepatitis is viewed as a disturbance in the liver's natural temperament leading to inflammation and mentioned important Unani formulations such as MajoonDabeed-ul-Ward, Arq-i-Mako, Arq-i-Kasni, Habb-i-KabidNaushadri, and Sharbat-i-Deenar, which are traditionally used for liver ailments and may offer supportive benefits.




NIUM Ghaziabad doctors educating patients about Hepatitis prevention, essential dos and don'ts, and Unani approaches to care

**NIUM Ghaziabad, in collaboration with Johnson & Johnson MedTech, conducted a One-Day Comprehensive Skill Enhancement Hands-on Workshop**

NIUM Ghaziabad, in collaboration with Johnson & Johnson Med Tech, conducted a One-Day Comprehensive Skill Enhancement Hands-on Workshop 06.08.2025, aimed at strengthening the clinical and surgical competencies of postgraduate students and faculty from the Dept. of Ilmul Jarahat and Qabalat wa Niswan.



**NIUM Bengaluru and NIUM Ghaziabad Observes World Breastfeeding Week 2025 with Poster Competition and Awareness Lecture**

National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad, marked World Breastfeeding Week (1–7 August 2025) by organizing a Poster-Making Competition and a Patient Awareness Lecture at OPD of the Amraz-e-Niswan waQabalat. The programme began at 2:30 PM and saw active participation from faculty members, hospital staff, P.G Scholars and Ph.D Scholars and OPD patients. While NIUM Bengaluru observed the World Breast Feeding Week by organizing a series of awareness lectures, informing about the prophylactic aspects of Breast feeding.



Doctors of NIUM Ghaziabad explaining the prophylactic aspects of breastfeeding to patients visiting the NIUM OPD during World Breastfeeding Week

**NIUM Bengaluru Observes Anti-Ragging Week with a Series of Awareness and Creative Engagement Activities**

The National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, observed Anti-Ragging Week from 12-18 August 2025 through a series of awareness programmes aimed at promoting a safe, respectful, and inclusive campus environment. The observance began on 12thAugust with Anti-Ragging Day, where students and staff took a collective pledge affirming zero tolerance towards ragging. This was followed by engaging activities, including a Slogan Writing, Essay Writing Competition and E-Poster Presentation Competitions were arranged for PG Scholars  Logo Designing Competition encouraged creative expression against ragging. Winners of all events were honoured during the valedictory function, by Director Prof. Saiyad Shah Alam.




Director Prof. Saiyad Shah Alam with NIUM officials participating in the Anti-Ragging Week celebration



Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM, presenting prizes to winners of competitions conducted during Anti-Ragging Week

## World Organ Donation Day 2025 – Awareness Programme at NIUM Ghaziabad

The National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad, organized a patient awareness lecture the occasion of World Organ Donation Day 2025 at OPD Blockon 13th August 2025. The session aimed to educate patients and the community about the life-saving importance of organ donation. The 2025 theme, “Answering the Call,” underscores the essential role of healthcare professionals in strengthening organ donation systems and saving lives.




NIUM Ghaziabad doctors spreading awareness on organ donation, saving lives, and dispelling common myths

## NIUM Ghaziabad Inaugurates State-of-the-Art Digital X-Ray Unit

TheNIUM, Ghaziabad, inaugurated state-of-the-art Digital X-Ray Unit on August 18th, 2025, at the Radiology section of the institute. The event was graced by the Director, Prof. Saiyad Shah Alam, in the presence of hospital staff, faculty members, and students. The new X-Ray Unit has been equipped with advanced digital imaging technology designed to enhance diagnostic accuracy, support clinical decision-making, and strengthen academic research and training.

The X-Ray Unit commenced its services immediately, with two patients receiving their X-ray examinations on the same day, marking the beginning of improved diagnostic services at NIUM.



Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM inaugurating the X-Ray Unit at NIUM Ghaziabad



Inaugural service begins: First patient's X-ray taken at the newly inaugurated X-Ray Unit at NIUM Ghaziabad

## NIUM Conducts Workshop on Obstetric Emergencies

The Department of Amraze Niswan waQabalat, NIUM, Bangalore organized a Workshop on Obstetric Emergencies on 30thAugust 2025. The program began with an inaugural address by Prof. Ismath Shameem, HoDof the Department, who highlighted the need for continuous training to manage critical conditions such as postpartum haemorrhage (PPH). Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM, addressed the gathering and stressed the importance of preparedness in obstetric emergencies.

The scientific sessions included a lecture on advances and challenges in PPH management by Dr. Pavitra Madinoor, Consultant Gynaecologist, at NIUM Hospital, Bengaluru, followed by a session on haemorrhagic shock and the importance of timely intervention by Prof. Arshiya Sultana. A hands-on training session was also conducted by final-year OBG students, who demonstrated uterine tamponade, management of cervical tears, and medical management of PPH.



(L–R): Prof. Wajeeha Begum (Contract), Dept. of OBG; Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM; Prof. Ismath Shameem, HoD OBG; and Dr. Pavitra Madinoor, Consultant Gynaecologist, NIUM, during the Obstetric Emergencies workshop.

## Smt. Mona Lisa Dash, Joint Secretary, Ministry of Ayush, Visits NIUM Bengaluru to Review IV Phase Construction Work

On 12thSeptember 2025, Honorable Joint Secretary, Ministry of Ayush, Govt. of IndiaMs. Mona Lisa Dash, along with Dr. M.A. Qasmi, Advisor, and other senior officials from the Ministry, paid a high-profile visit to the National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, to review the progress of the IV Phase construction project.

During the visit, Smt. Dash conducted a detailed walkthrough of the institute, inspecting ongoing construction and interacting with CPWD officials and the institute's construction committee members. She also chaired the 62nd Internal Finance Committee (IFC) meeting.

The delegation was warmly welcomed and guided by Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM, who accompanied them throughout the visit and facilitated discussions with all stakeholders.



Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM, welcoming Smt. Mona Lisa Dash, Joint Secretary, Ministry of Ayush, during her visit to NIUM Bengaluru.




A view of the Internal Finance Committee (IFC) meeting chaired by Smt. Mona Lisa Dash, Joint Secretary, Ministry of Ayush, at NIUM Bengaluru



Smt. Mona Lisa Dash, Joint Secretary, Ministry of Ayush, reviewing the IV Phase construction work at NIUM Bengaluru

## World Patient Safety Day 2025

NIUM Hospital, Bangalore observed World Patient Safety Day by organizing an awareness programme at OPD Block, on September 17th, 2025, with a special focus on newborn and child safety. World Patient Safety Day is commemorated every year on September 17thto highlight the global importance of ensuring safe healthcare practices.

This year, the National Institute of Unani Medicine, under the Ministry of Ayush, Govt. of India, adopted the theme "Patient Safety from the Start – The Unani Way."



PG Scholar actively educating OPD patients on the importance of Patient Safety




Director NIUM, Prof. Saiyad Shah Alam, felicitating Dr. Pavitra Madinoor with a certificate at the Obstetric Emergencies workshop

**NIUM Bengaluru Hosts Sixth Certificate Course on 'Training and Handling of Laboratory Animals**

The Dept. of Ilmul Advia organized the 6th Certificate Course on "Training and Handling of Laboratory Animals." Coordinated by Dr. Prof. Nasreen Jahan, Professor and Animal House In-charge, this 07day, 21-credit programme was held from September 10th -17th, 2025. A total of 16 postgraduate scholars from the Departments of Ilmul Advia and Ilmul Saidla participated. Dr. Y. S. Suhas, Veterinary Officer, served as the resource person. The course offered an intensive blend of lectures, demonstrations, and hands-on training, concluding with assessments to evaluate both theoretical and practical proficiency.



Participants of the Animal Handling Training Programme appearing for the written assessment

**Deputation of faculty member in CME at RRIUM Chennai**

Dr. Muzafar Din Ahmad Bhat, Associate Professor HoDMoalajat, was deputed to participate in the CME Programme held at RRIUM, Chennai, on 20thSeptember 2025. During the event, he delivered an invited talk, contributing valuable insights to the academic gathering.




Dr. Muzaffar Din A. Bhat engaging with CME participants during the session

## NIUM Observes World Alzheimer's Day 2025 with Patient Awareness Lecture

The National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad, observed World Alzheimer's Day 2025 by organizing a Patient Awareness Programme on 22. 09.2025 which aimed to educate patients, caregivers, and students about Alzheimer's disease in line with this year's global theme, "Never Too Early, Never Too Late."




NIUM doctors briefing attendees on Alzheimer's disease, focussing on early detection, preventive measures, and timely care



Doctors of NIUM engaging with OPD patients, spreading awareness on Alzheimer's prevention, early signs, and supportive care strategies

**NIUM Ghaziabad Successfully Conducts Blood Donation Camp Under the Nationwide Mega Voluntary Blood Donation Drive**

The National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad organized a Blood Donation Camp on 27.09.2025 as part of the Nationwide Mega Voluntary Blood Donation Drive. The event began with a ribbon-cutting ceremony by Director Prof. Saiyad Shah Alam along with Indian Red Cross Society officials Mr. Subhash Gupta and Mr. M.C. Gaur.

A total of 70 volunteers registered, and after screening, 37 units of blood—including rare groups such as A Negative and O Negative—were successfully collected. Certificates and tokens of appreciation were distributed to all donors.



Director Prof. Saiyad Shah Alam formally inaugurates the Blood Donation Camp under the Nationwide Mega Drive



Post-donation view of volunteers after contributing to the blood donation drive.

## NIUM Ghaziabad Observes "Swasth Nari, Sashakt Parivar Abhiyaan" with Awareness Lecture and Skit

The National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad, organized a special programme under the nationwide initiative "Swasth Nari, Sashakt Parivar Abhiyaan" on 1stOctober 2025 at OPD Block of the Amraz-e-Niswan waQabalat (Gynaecology and Obstetrics). The initiative, launched by the Hon'ble Prime Minister of India in September 2025, aims to strengthen women's and children's health through preventive, promotive, and curative services across the country.



NIUM doctors engaging with the public during the "Swasth Nari, Sashakt Parivar" awareness programme

## NIUM Ghaziabad Showcases Unani Healthcare at Arogya Melas Across India

The National Institute of Unani Medicine, Bangalore and NIUM Ghaziabad has been actively deputing its faculty members and postgraduate scholars to various Arogya Melas across the country as part of its ongoing efforts to promote the Unani system of medicine. One such notable participation was at the Arogya Mela held in Shillong, where NIUM representatives engaged with the public, provided consultations, and showcased the strengths, efficacy, and scientific foundation of Unani healthcare. The primary objective of these participations is to create widespread awareness, about the Unani System of medicine to reach every nook and corner of the Nation.



NIUM faculty members and PG Scholars at Arogya Mela



NIUM doctors interacting with visitors at the Unani stall during the Arogya Mela.




NIUM doctors guiding attendees at the Unani stall with valuable health insights.



Patient consulting doctor of NIUM at Unani Clinic in Arogya Mela Jaipur

## Visit of Principal Secretary, Dept. of Ayush, Govt. of Uttar Pradesh at NIUM Ghaziabad

Shri Ranjan Kumar, Principal Secretary, Dept. of Ayush, Government of Uttar Pradesh, along with Prof. Jamal Akhtar, Director, Unani Services, Dept. of AYUSH, Uttar Pradesh, visited the National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad. The delegation was warmly received by Prof. Saiyad Shah Alam, Director of NIUM. During the visit, the dignitaries were given a guided tour of the institute, where they inspected the infrastructure and facilities.



Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM, extending a warm welcome to Shri Ranjan Kumar, Principal Secretary, Ayush Department, Government of Uttar Pradesh.



Director NIUM, Prof. Saiyad Shah Alam, accompanying Shri Ranjan Kumar, Principal Secretary, Ayush Department, Govt. of Uttar Pradesh, during a round of NIUM Hospital, Ghaziabad

## WHO IRCH Delegation Visits NIUM, Ghaziabad During PCIM & H-Organized Workshop

The Pharmacopoeia Commission for Indian Medicine & Homoeopathy (PCIM&H) organized WHO IRCH Workshops (WG 1 &3) in which the World Health Organization delegation visited the National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad.

The delegation included representatives from 16 countries accompanied by Dr. Kim Sungchol, Unit Head, TCI, WHO and Chairperson, WHO IRCH; Dr. Pradeep Kumar Dua, Technical Officer, TCI Unit, WHO; Dr. Raghu Arackal, DDG, Ayush; and Dr. Raman Mohan Singh, Director, PCIM&H.

A detailed presentation by Prof. Saiyad Shah Alam highlighted the holistic approach of the Unani system, covering dietotherapy, regimenal therapy, pharmacotherapy, and surgery. He emphasized the Government of India's commitment to promoting Unani medicine and the Institute's academic contributions through its postgraduate programs.

The delegation lauded the facilities and the professionalism of NIUM. Dr. Kim Sungchol expressed gratitude for the hospitality and remarked on the global potential of Unani medicine in strengthening healthcare systems worldwide.



Foreign delegation from sixteen countries visits NIUM Ghaziabad led by Prof. Saiyad Shah Alam, Director NIUM



Delegation from WHO along with Director NIUM at NIUM Ghaziabad

## NIUM Ghaziabad Signs MoU with NBCC Services Limited to Enhance Infrastructure and Facility Management

The National Institute of Unani Medicine, Ghaziabad has signed a Memorandum of Understanding (MoU) with NBCC Services Limited (NSL) for the operation and maintenance works at the institute. The agreement was formalized under the leadership of Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM, who signed the MoU on behalf of the institute.



Director NIUM and Officials of NBCC during signing of MoU

## NIUM Bengaluru Joins 'Nasha Mukt Bharat' Campaign, Pledges for a Drug-Free Society

Officials, faculty members, and postgraduate scholars of the National Institute of Unani Medicine, Bengaluru actively participated in the Government of India's awareness programme "Nasha Mukt Bharat", taking a pledge against drug abuse.

Under the visionary leadership of Prof. Saiyad Shah Alam, Director, NIUM, the pledge was first administered by him and subsequently repeated by all participants, reflecting their firm commitment to supporting a drug-free society and drug abuse as a serious public health concern that affects physical, mental, and social well-being, NIUM reaffirmed its responsibility to educate the community and contribute to building a healthier, drug-free nation.




NIUM Bengaluru doctors conducting an awareness campaign on 'Nasha Mukt Bharat' among MSME worker



NIUM Bengaluru medical team spreading awareness on the 'Nasha Mukt Bharat' campaign during an outreach programme with MSME worker

## News At glance

**NABH Surveillance Assessment Successfully Conducted at NIUM**

The NABH surveillance assessment at NIUM, Bengaluru was held on 25th & 26th June by Principal Assessor Mr. P. P. Rajan and Assessor Dr. Pradnya Kapse.

**NIUM Expands Ph.D. Programmes**

The National Institute of Unani Medicine, Bengaluru, has expanded its Ph.D. programmes in two additional disciplines — IlmulQabalatwaAmraze Niswan (Obstetrics & Gynaecology) and TahaffuziwaSamaji Tib (Preventive and Social Medicine) — from the academic session 2025–26.

NIUM is already offering Ph.D. courses in two core disciplines of Unani Medicine, Moalajat (Medicine) and IlmulAdvia (Pharmacology).

**Visit of Vice Chancellor, Tamil Nadu Agricultural University to NIUM, Bengaluru**

Prof. Dr. T. Arumugam, an eminent academician and the Hon'ble Vice Chancellor of Tamil Nadu Agricultural University (TNAU), visited the National Institute of Unani Medicine (NIUM), Bengaluru on 9th July 2025.

He expressed his deep appreciation for the remarkable progress NIUM has made in both research and patient care, and was highly impressed by the academic vibrancy and the serene, research-conducive environment of the Institute.

# न्यूज़लेटर

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु का अर्धवार्षिक बुलेटिन

सं-२७ अंक १३

जनवरी–मार्च २०२५


## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु ने व्यापक यूनानी–केंद्रित पोषण पहल के साथ सातवें पोषण अभियान का समापन किया

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु ने दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल, 2025 तक आयोजित सातवें पोषण पहल अभियान का सफलता पूर्वक समापन किया। राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सैय्यद शाह आलम के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित तथा नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद असजद खान द्वारा समन्वित इस अभियान में अमराजे निसवां व क़बालत और तहफ्फुजी व समाजी तिब (टीएसटी) विभागों के साथ–साथ स्नातकोत्तर छात्रों की उत्साहपूर्ण और सक्रिय भागीदारी देखी गई। यह अभियान चार व्यवस्थित चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में गर्भवती महिलाओं और नई माताओं के लिए ओपीडी–आधारित जागरूकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें यूनानी आहार विज्ञान और प्रारंभिक जीवन के पोषण के महत्व को रेखांकित किया गया। द्वितीय चरण में रोगियों और कर्मचारियों को 'पोषण ट्रैकर' से परिचित कराया गया, जो पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा के साथ डिजिटल पोषण निगरानी को जोड़ता है। तृतीय चरण में नजदीकी समुदायों तक पहुंच का विस्तार किया गया, जहां स्नातकोत्तर छात्रों ने पोषण संबंधी स्क्रीनिंग की और यूनानी सिद्धांतों से समृद्ध 'सीएमएएम' रणनीतियों को बढ़ावा दिया। चतुर्थ चरण बच्चों और परिवारों के लिए स्वस्थ जीवन शैली के संवर्धन पर केंद्रित था, जिसमें जीवन शैली संबंधी विकारों को रोकने के लिए संतुलित आहार और शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित किया गया।यह पहल समग्र स्वास्थ्य संवर्धन, सामुदायिक सहभागिता और एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। क्लासिकल यूनानी ज्ञान को आधुनिक डिजिटल उपकरणों और समुदाय–आधारित हस्तक्षेपों के साथ जोड़ते हुए, और प्रोफेसर सैय्यद शाह आलम के निरंतर मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु ने राष्ट्रीय पोषण और कल्याण प्रयासों में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में अपनी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ किया है।






**मुख्य संपादक**
प्रोफेसर सैयद शाह आलम

**संपादक**
प्रोफेसर अब्दुल नासिर अंसारी

**सहयोगी संपादकः**
डॉ. मोहम्मद नायाब
डॉ. मलिक इतरत

**संपादन मंडलः**
डॉ. मुजफ्फर दीन अहमद भट्
डॉ. मोहम्मद असजद खान
डॉ. तसफिया हकीम अंसारी
डॉ. इरम नाज
श्री तारिक हफीज

**परिसंचरण प्रबंधकः**
श्री एहतेशाम अहमद

प्रकाशकः
**राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान**
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय)

संपादकीय कार्यालयः
**राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान**
कोट्टिगेपाल्या, मागड़ी मेन रोड
बेंगलुरु दृ 560 091
वेबसाइटः www-nium-in
दूरभाषः 080—23584260




डॉ. मोहम्मद असजद खान पोषण जागरूकता और पोषण संबंधी स्वास्थ्य के विषय पर ओपीडी रोगियों के साथ संवाद करते हुए

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु और राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु और राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सैय्यद शाह आलम के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय उत्साह के साथ मनाया गया।इस वर्ष का उत्सव 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य विषयः "योगा फॉर वन अर्थ एंड ओने हेल्थ" के अनुरूप था, जो वैश्विक सद्भाव, पर्यावरणीय चेतना और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है।




योग गुरु द्वारा योग आसन का प्रदर्शन, जिसे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दोहराया गया।



विभिन्न आसनों का प्रदर्शन करते हुए योग गुरु का एक दृश्य।




प्रोफेसर सैय्यद शाह आलम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोह के दौरान अतिथि वक्ता को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद ने जागरूकता व्याख्यान के साथ विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2025 मनाया

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाजियाबाद ने दिनांक 28 जुलाई 2025 को वाह्यरोगी विभाग ब्लॉक मंह एक रोगी जागरूकता व्याख्यान आयोजित करके विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2025 मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों और सामान्य लोगों को हेपेटाइटिस, इसके कारणों, रोकथाम और उपचार के विकल्पों के बारे में शिक्षित करना था।इस अवसर पर चिकित्सकों ने बताया कि यूनानी चिकित्सा में हेपेटाइटिस को यकृत (लिवर) के प्राकृतिक मिज़ाज में गड़बड़ी के रूप में देखा जाता है, जिससे वहां सूजन हो जाती है। उन्होंने माजून दबीदुल वर्द, अर्क–ए–मको, अर्क–ए–कासनी, हब्ब–ए–कबिद नौशादरी और शरबत–ए–दीनार जैसे महत्वपूर्ण यूनानी नुस्खों का उल्लेख किया, जो पारंपरिक रूप से यकृत के रोगों के लिए उपयोग किए जाते हैं और हेपेटाइटिस में लाभ प्रदान कर सकते हैं।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद के चिकित्सक रोगियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम, आवश्यक सावधानियों और उपचार के यूनानी दृष्टिकोण के बारे में शिक्षित करते हुए।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद ने जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक के सहयोग से एक दिवसीय व्यापक कौशल संवर्धन व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद ने दिनांक 6 अगस्त 2025 को जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक के सहयोग से एक एक दिवसीय व्यापक कौशल संवर्धन व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य इल्मुल जराहत और 'अमराज़–ए–निसवाँ व क़बालत विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों और संकाय सदस्यों की नैदानिक और शल्य चिकित्सा दक्षताओं को सुदृढ़ करना था।



## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु और गाज़ियाबाद में 'विश्व स्तनपान सप्ताह 2025'क आयोजन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने दिनांक 1 से 7 अगस्त 2025 तक 'विश्व स्तनपान सप्ताह' के अवसर पर 'अमराज़–ए–निसवाँ व क़बालत' (स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र) विभाग के ओ.पी.डी. में पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और रोगी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया।यह कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें संकाय सदस्यों, अस्पताल के कर्मचारियों, पी.जी. और पी.एच. डी. शोधार्थियों के साथ–साथ ओ.पी.डी. में आए रोगियों ने भी भाग लिया। वहीं दूसरी ओर, एन.आई.यू.एम. बेंगलुरु ने स्तनपान के सुरक्षात्मक पहलुओं की जानकारी देते हुए जागरूकता व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित करके विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया।



विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान एन.आई.यू.एम.गाजियाबाद की ओ.पी.डी. में आने वाले रोगियों को संस्थान के चिकित्सक स्तनपान के सुरक्षात्मक पहलुओं के बारे में समझाते हुए।

# राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु द्वारा एंटी–रैगिंग सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु ने दिनांक 12 से 18 अगस्त 2025 तकएंटी–रैगिंग सप्ताहका सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य परिसर में सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण को सुदृढ़ करना था।दिनांक 12 अगस्त कोएंटी–रैगिंग दिवसके अवसर पर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक शपथ ग्रहण कर रैगिंग के प्रतिशून्य सहिष्णुताका संकल्प लिया। इसके पश्चात् विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें पीजी स्कॉलर्स के लिए नारा लेखन, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा ई–पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता शामिल थीं।इसके अतिरिक्त, लोगो डिज़ाइन प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को रैगिंग विरोधी संदेश को सृजनात्मक और प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया।सप्ताह भर आयोजित इन गतिविधियों का समापन समारोह निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम की अध्यक्षता में हुआ, जहाँ सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।




निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम तथा राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के अधिकारी एंटी–रैगिंग सप्ताह के उत्सव में सहभागी हुए।



प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने एंटी–रैगिंग सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

## विश्व अंगदान दिवस 2025, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद में जागरूकता कार्यक्रम

विश्व अंगदान दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबादने दिनांक 13 अगस्त 2025 को ओपीडी ब्लॉक में रोगी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों एवं समुदाय को अंगदान के जीवन रक्षक महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें शिक्षित करना था।वर्ष 2025 की थीम"आंसरिंग द कॉल "स्वास्थ्य कर्मियों की उस महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है, जिसके माध्यम से अंगदान प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सकता है और असंख्य जीवन बचाए जा सकते हैं।इस अवसर पर संस्थान ने अंगदान को सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय कर्तव्य के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे इस अभियान का सक्रिय हिस्सा बनें।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाज़ियाबाद के चिकित्सक अंगदान पर जागरूकता फैलाते हुए जीवन बचा रहे हैं और आम भ्रांतियों को दूर कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद में अत्याधुनिक डिजिटल एक्स–रे यूनिट का उद्‌घाटन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने 18 अगस्त 2025 को रेडियोलॉजी विभाग मेंअत्याधुनिक डिजिटल एक्स–रे यूनिट का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने फीता काटकर यूनिट का उद्‌घाटन किया , साथ ही अस्पताल के कर्मचारी, संकाय सदस्य और छात्र  भी इस अवसर पर  सम्मिलित हुए। नई एक्स–रे यूनिट अत्याधुनिक डिजिटल इमेजिंग तकनीक से सुसज्जित है। इसका उद्देश्य निदान की सटीकता को बढ़ाना, चिकित्सीय निर्णयों को अधिक सशक्त बनाना तथा शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करना है। उद्‌घाटन दिवस पर ही इस यूनिट ने अपनी सेवाएँ प्रारंभ कर दीं और दो रोगियों के एक्स–रे परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किए। यह संस्थान में उन्नत निदान सेवाओं की शुरुआत का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो रोगी देखभाल और चिकित्सा शिक्षा दोनों को सुदृढ़ करेगा।



प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने गाज़ियाबाद स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान में एक्स–रे यूनिट का उद्घाटन किया।



उद्घाटन सेवा प्रारंभः राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाज़ियाबाद में नव उद्घाटित एक्स–रे यूनिट पर प्रथम रोगी का एक्स–रे किया गया।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में प्रसूति आपात स्थितियों पर कार्यशाला

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु के अमराज़े निस्वान व कबालत विभाग ने दिनांक 30 अगस्त 2025 को प्रसूति आपात स्थितियों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. इस्मत शमीम के उद्‌घाटन भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) जैसी गंभीर स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन हेतु निरंतर प्रशिक्षण और कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया। निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने अपने संबोधन में प्रसूति आपात स्थितियों में तत्परता, तैयारी और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया।वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. पवित्रा मडिनूर, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, ने पीपीएच प्रबंधन में नवीन प्रगति और चुनौतियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् प्रो. अर्शिया सुल्ताना ने रक्तस्रावी शॉक और समय पर हस्तक्षेप की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला।कार्यशाला का समापन अंतिम वर्ष के ओबीजी विद्यार्थियों द्वारा आयोजित हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण सत्र से हुआ, जिसमें गर्भाशय टैम्पोनाड, गर्भाशय ग्रीवा के फटने का प्रबंधन तथा पीपीएच की औषधीय चिकित्सा का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।यह कार्यशाला संस्थान की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके माध्यम से प्रसूति आपात स्थितियों के प्रबंधन में चिकित्सकों और विद्यार्थियों को अद्यतन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किए जाते हैं।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान–प्रसूति आपात स्थितियों पर आयोजित कार्यशाला के दौरान(बाएँ से दाएँ): प्रो. वजीहा बेगम (संविदा), प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग; प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान; प्रो. इस्मत शमीम, विभागाध्यक्ष ओबीजी; तथा डॉ. पवित्रा मडिनूर, स्त्री रोग विशेषज्ञ

## आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव का राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में दौरा

आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव, श्रीमती मोनालिसा दाश ने दिनांक 12 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु का दौरा कर चतुर्थ चरण निर्माण कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. एम.ए. क़ासमी, सलाहकार, तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान श्रीमती दाश ने संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया, चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों और संस्थान की निर्माण समिति के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने 62वीं आंतरिक वित्त समिति (आईएफसी) बैठक की अध्यक्षता भी की और निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम द्वारा किया गया। उन्होंने पूरे दौरे के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया और सभी हितधारकों के साथ सार्थक एवं रचनात्मक चर्चा सुनिश्चित की। यह दौरा संस्थान के विकास कार्यों को गति देने और भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं एवं शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।



प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थानके दौरे के दौरान आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दाश का स्वागत किया।




आंतरिक वित्त समिति (आईएफसी) की बैठक का दृश्य, जिसकी अध्यक्षता आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दाश ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु में की।



श्रीमती मोनालिसा दाश, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय, ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु में चतुर्थ चरण निर्माण कार्य की समीक्षा की।

## विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2025—राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान अस्पताल, बेंगलुरु ने दिनांक 17 सितम्बर 2025 को ओपीडी ब्लॉक में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से नवजात शिशु और बाल सुरक्षा पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष दिनांक 17 सितम्बर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को वैश्विक स्तर पर रेखांकित करना है। इस वर्ष संस्थान ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत निर्धारित थीम "पेशेंट सेफ्टी फ्रॉम द स्टार्ट– द यूनानी वे" को अपनाया। इस थीम ने रोगी सुरक्षा को स्वास्थ्य सेवा की प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत करते हुए यूनानी चिकित्सा पद्धति की भूमिका को विशेष रूप से उजागर किया। यह आयोजन संस्थान की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से रोगी देखभाल को सुरक्षित, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।



पीजी स्कॉलर ओपीडी रोगियों को रोगी सुरक्षा के महत्व के बारे में सक्रिय रूप से शिक्षित कर रहे हैं।




प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के दौरे के दौरान आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दाश का स्वागत किया।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में प्रयोगशाला पशुओं के प्रशिक्षण एवं प्रबंधन पर छठा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु के इल्मुल अदविया विभागने प्रयोगशाला पशुओं के प्रशिक्षण एवं प्रबंधन पर छठा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया। यह सात दिवसीय, 21 क्रेडिट का कार्यक्रम दिनांक 10 से 17 सितम्बर 2025 तक सम्पन्न हुआ। पाठ्यक्रम का समन्वयन प्रो. नसरिन जहाँ, प्रोफेसर एवं एनिमल हाउस प्रभारी द्वारा किया गया। इसमें इल्मुल अदविया और इल्मुल सैदला विभागों से कुल 16 स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। डॉ. वाई. एस. सुहास, पशु चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। पाठ्यक्रम में व्याख्यान, प्रदर्शन और हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण का एकीकृत रूप प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दक्षता के मूल्यांकन के साथ हुआ।यह पाठ्यक्रम संस्थान की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से शोध और शिक्षा के क्षेत्र में प्रयोगशाला पशुओं के नैतिक एवं वैज्ञानिक प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा रहा है।



पशु प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी लिखित मूल्यांकन में सम्मिलित होते हुए।

## आरआरआईयूएम, चेन्नई में सीएमई हेतु संकाय सदस्य की प्रतिनियुक्त

डॉ. मुज़फ़र दीन अहमद भट, सह–प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष मोआलजात, को दिनांक 20 सितम्बर 2025 को आरआरआईयूएम, चेन्नई में आयोजित सीएमई कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गेस्ट लेक्चर प्रस्तुत किया और शैक्षणिक सभा में अपने मूल्यवान विचार साझा किए। उनके योगदान ने कार्यक्रम की अकादमिक गुणवत्ता को और अधिक समृद्ध किया तथा प्रतिभागियों को विषय की गहन समझ प्रदान की।



डॉ. मुज़फ़र दीन ए. भट सत्र के दौरान सीएमई प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए।

## विश्व अल्ज़ाइमर दिवस 2025—रोगी जागरूकता व्याख्यान

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने दिनांक 22 सितम्बर 2025 को विश्व अल्ज़ाइमर दिवस के अवसर पर रोगी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों, देखभाल कर्ताओं और विद्यार्थियों को अल्ज़ाइमर रोग के बारे में शिक्षित करना तथा इसके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था। इस वर्ष की वैश्विक थीम "न कभी बहुत जल्दी, न कभी बहुत देर" के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समय पर पहचान, देखभाल और उपचार की महत्ता पर विशेष बल दिया गया।यह आयोजन संस्थान की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से समुदाय को मानसिक स्वास्थ्य और वृद्धजन देखभाल के प्रति जागरूक किया जा रहा है।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक अल्ज़ाइमर रोग पर प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए, जिसमें प्रारंभिक पहचान, रोकथाम के उपाय और समय पर देखभाल पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक ओपीडी रोगियों के साथ संवाद करते हुए, अल्ज़ाइमर की रोकथाम, प्रारंभिक लक्षणों और सहायक देखभाल रणनीतियों पर जागरूकता फैलाते हुए।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने दिनांक 27 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी श्री सुभाश गुप्ता और श्री एम.सी. गौड़ के साथ फीता काटकर किया। इस शिविर में कुल 70 स्वयंसेवकों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से चिकित्सीय जाँच के बाद 37 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्रित किया गया। इसमें ए निगेटिव और ओ निगेटिव जैसे दुर्लभ रक्त समूह भी शामिल थे। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और प्रशंसा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने राष्ट्रीय मेगा अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया।



रक्तदान अभियान में योगदान देने के बाद स्वयंसेवकों का दृश्य।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का आयोजन

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को अमराज़–ए–निस्वान व क़बालत (स्त्रीरोग एवं प्रसूति) विभाग के ओपीडी ब्लॉक में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।यह अभियान, जिसका शुभारंभ सितम्बर 2025 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, का उद्देश्य देशभर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। इसके अंतर्गत रोकथाम, संवर्धन और उपचारात्मक सेवाओं पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में जागरूकता व्याख्यान और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी संदेश प्रभावी ढंग से पहुँचाया गया। यह आयोजन संस्थान की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से समुदाय में महिला और बाल स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जनता के साथ संवाद करते हुए।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान ने आरोग्य मेलों में यूनानी स्वास्थ्य सेवा का प्रदर्शन किया

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु और गाज़ियाबाद ने यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से देशभर में आयोजित विभिन्न आरोग्य मेलों में सक्रिय सहभागिता की। इन मेलों में संकाय सदस्यों और स्नातकोत्तर छात्रों को प्रतिनियुक्त कर संस्थान ने जनसंपर्क और जन–जागरूकता को सुदृढ़ किया। विशेष रूप से शिलांग में आयोजित आरोग्य मेले में संस्थान के प्रतिनिधियों ने जनता से संवाद स्थापित किया, परामर्श प्रदान किए और यूनानी स्वास्थ्य सेवा की विशेषताओं, प्रभावशीलता तथा वैज्ञानिक आधार का प्रदर्शन किया।इन सहभागिताओं का मुख्य उद्देश्य यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रति व्यापक जन–जागरूकता उत्पन्न करना है, ताकि यह स्वास्थ्य सेवा प्रणाली देश के प्रत्येक कोने तक पहुँच सके और समुदाय को लाभान्वित कर सके।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के संकाय सदस्य और स्नातकोत्तर विद्वान आरोग्य मेले में।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक आरोग्य मेले में यूनानी स्टॉल पर आगंतुकों से संवाद करते हुए।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक यूनानी स्टॉल पर उपस्थित जनसमूह को मूल्यवान स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करते हुए मार्गदर्शन करते हुए।



जयपुर में आयोजित आरोग्य मेले के यूनानी क्लिनिक में रोगी राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के चिकित्सक से परामर्श लेते हुए।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद में आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव का दौरा

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री रंजन कुमार ने प्रो. जमाल अख्तर, निदेशक यूनानी सेवाएँ, आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के साथ राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद का दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दौरे के दौरान गणमान्य अतिथियों को संस्थान का विस्तृत भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने अधोसंरचना और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संस्थान की प्रगति और विकास कार्यों की समीक्षा की।यह दौरा संस्थान की शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।



प्रो. सैयद शाह आलम, निदेशक राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, ने आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव श्री रंजन कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री रंजन कुमार के साथ गाज़ियाबाद स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान अस्पताल का निरीक्षण करते हुए।

## डब्ल्यूएचओ–आईआरसीएच प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद दौरा

फार्माकोपिया आयोग भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी (पीसीआईएम एंड एच) द्वारा आयोजित डब्ल्यूएचओ–आईआरसीएच कार्यशालाओं (कार्य समूह 1 और 3) के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य संगठन का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल में 16 देशों के विशेषज्ञ शामिल थे। उनके साथ डॉ. किम सुंगचोल, यूनिट हेड, टीसीआई, डब्ल्यूएचओ एवं अध्यक्ष, डब्ल्यूएचओ आईआरसीएच; डॉ. प्रदीप कुमार दुआ, तकनीकी अधिकारी, टीसीआई यूनिट, डब्ल्यूएचओ; डॉ. रघु अरक्कल, उप महानिदेशक, आयुष; तथा डॉ. रमन मोहन सिंह, निदेशक, पीसीआईएम एंड एच भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति के समग्र दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए आहार चिकित्सा, रेजीमेनल थेरेपी, औषधि चिकित्सा और शल्य चिकित्सा की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भारत सरकार की यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता और संस्थान के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के माध्यम से किए जा रहे शैक्षणिक योगदान को भी रेखांकित किया। यह दौरा यूनानी चिकित्सा पद्धति की वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान की सुविधाओं और पेशेवर उत्कृष्टता की सराहना की। डॉ. किम सुंगचोल ने आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूनानी चिकित्सा में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने की अपार संभावनाएँ हैं।



सोलह देशों से आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाज़ियाबाद का दौरा किया, जिसका नेतृत्व निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम ने किया।



डब्ल्यूएचओ का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाज़ियाबाद में निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम के साथ।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, गाज़ियाबाद ने संस्थान में संचालन और अनुरक्षण कार्यों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड (एनएसएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता संस्थान के निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम के नेतृत्व में औपचारिक रूप से संपन्न हुआ, जिन्होंने संस्थान की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस पहल का उद्देश्य अधोसंरचना और सुविधा प्रबंधन को मजबूत करना है, ताकि संस्थान की सेवाओं और कार्यप्रणाली में अधिक दक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। यह सहयोग संस्थान के सतत विकास और रोगी देखभाल सेवाओं को उच्च मानकों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान गाज़ियाबाद में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम और एनबीसीसी के अधिकारी।

## राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु ने 'नशा मुक्त भारत' अभियान में भाग लिया

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु के अधिकारी, संकाय सदस्य और स्नातकोत्तर छात्रों ने भारत सरकार के नशा मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ ग्रहण की। निदेशक प्रो. सैयद शाह आलम के नेतृत्व में सबसे पहले उन्होंने स्वयं शपथ दिलाई, जिसे बाद में सभी प्रतिभागियों ने दोहराया। इस अवसर पर नशा और मादक पदार्थों के दुरुपयोग को गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। संस्थान ने समुदाय को शिक्षित करने और स्वस्थ, नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की अपनी जिम्मेदारी को पुनः दृढ़ता से व्यक्त किया।




राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु के चिकित्सक नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एमएसएमई श्रमिकों के बीच जागरूकता अभियान संचालित करते हुए।



राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान बेंगलुरु की चिकित्सा टीम नेनशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एमएसएमई श्रमिकों के साथ आयोजित जनजागरण कार्यक्रम में जागरूकता फैलाते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएबीएच सर्विलांस आकलन सफलता पूर्वक सम्पन्न

राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु में दिनांक 25 और 26 जून को एनएबीएच सर्विलांस आकलन सम्पन्न हुआ। यह आकलन प्रधान मूल्यांकनकर्ता श्री पी. पी. राजन और मूल्यांकनकर्ता डॉ. प्रदन्या काप्से द्वारा किया गया।

### पीएच.डी. कार्यक्रमों का विस्तार

संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 से दो अतिरिक्त विषयों ; इल्मुल अमराज़े निस्वान वकबालत (प्रसूति एवं स्त्री रोग) तथातहफ़्फ़ुज़ी व समाजी तिब (निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा) में पीएच.डी. कार्यक्रम शुरू किए। इससे पूर्व संस्थान मोआलजात (युनानी चिकित्सा) और इल्मुल अदविया (औषधि विज्ञान) में पीएच.डी. पाठ्यक्रम संचालित कर रहा था।

### तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का दौरा

दिनांक 9 जुलाई 2025 को तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) के कुलपति प्रो. डॉ. टी. अरुमुगम ने राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, बेंगलुरु का दौरा किया। उन्होंने अनुसंधान और रोगी देखभाल में संस्थान की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की तथा शैक्षणिक वातावरण और अनुसंधान–अनुकूल माहौल की प्रशंसा की।